## एक नजर में

### सगुन के पैसे उठाए तो सिर पर गगरे की दे मारी

**ब्यावरा 12 मार्च, का.** नगर के मातामंड क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर के समक्ष माता जी की पूजन के पश्चात विवाह पक्ष के लोगों द्वारा लुटाए गये शगुन के पैसे उठाने की बात पर एक बालक के सिर में गगरे की दे मारी जिससे वह घायल हो गया. सिटी पुलिस के अनुसार कृष उर्फ कुणाल पिता मुकेश वंशकार उम्र 11 वर्ष निवासी मातामंड के द्वारा माता पूजन के पश्चात विवाह पक्ष द्वारा सगुन के तौर पर उड़ाए गये पैसे उठाने के मामले में बालक कृष को जगदीश पिता नारायण सिंह कुशवाह नामक व्यक्ति ने आवेश में आकर स्टील के गगरे की दे मारी, जिससे बालक को गंभीर चोट आई. पुलिस ने बालक की रिपोर्ट पर प्रहार करने वाले के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.

### मृत अवस्था में मिला डेरे में रहने वाला व्यक्ति

**ब्यावरा 12 मार्च, का.** स्थानीय राजगढ़ बायपास रेलवे ब्रिज के समीप गुरुवार शाम एक व्यक्ति के मृत अवस्था में मिलने की घटना प्रकाश में आई है. देहात पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया. मृतक की पहचान 50 वर्षीय समंदर राज के रूप में होना बताया जा रहा है जो कि परिवार के साथ राजगढ़ बायपास क्षेत्र स्थित डेरानुमा स्थान पर रहता था. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है.

### अचल संपत्तियों के लिए आमजन से मांगे सुझाव

**राजगढ़ 12 मार्च, का.** संयोजक जिला मूल्यांकन समिति एवं जिला पंजीयक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अचल संपत्तियों से संबंधित गाइड लाइन वर्ष 2026 - 27 के संबंध में जिला मूल्यांकन समिति द्वारा गाइडलाइन दरों को अनुमानित किया गया है. यदि उक्त के संबंध में जन सामान्य को किसी प्रकार का सुझाव आदि प्रस्तुत करना हो तो वह 15 मार्च, 2026 सायं 4 बजे तक संबंधित उप पंजीयक कार्यालय में उपस्थित होकर अनुमोदित गाइडलाइन दरों का अवलोकन कर सकते हैं तथा सुझाव यदि हो तो प्रस्तुत किया जा सकता है. साथ ही सभी उप पंजीयक कार्यालय शनिवार एवं रविवार को भी खुले रहेगे.

### नाली जाम होने से गंदा पानी सड़क पर

**खिलचीपुर 12 मार्च, सं.** सुभाष चौक के पास से नदी की ओर जाने वाले मार्ग पर नाली जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. इस मार्ग से होकर लोग चिंताहरण गणेश मंदिर और शाह जी की बगीची स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने जाते हैं. गंदगी के कारण श्रद्धालुओं और राहगीरों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग नगर का महत्वपूर्ण धार्मिक मार्ग है. रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथ में जल कलश और पूजन सामग्री लेकर मंदिरों की ओर जाते हैं. लेकिन नाली का पानी सड़क पर बहने से उन्हें गंदगी और बदबू के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है. कई बार श्रद्धालुओं को कपड़े संभालते हुए और किनारे-किनारे निकलते देखा गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह स्थिति बन रही है.

# गैस की कालाबाजारी पर होगी एफआईआर

## प्रशासन-पुलिस की संयुक्त फ्लाइंग स्क्वाड सतत् रूप से करेगी निरीक्षण

**गैस एजेंसी को सार्वजनिक करना होगा अपने यहां मौजूद स्टॉक**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़/ब्यावरा 12 मार्च, का. जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु जिला मुख्यालय पर प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया जाएगा. यदि कहीं गैस सिलेंडरों की होर्डिंग या कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी.**

बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान एवं जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह उपस्थित रहे. बैठक में जिले की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई. बैठक में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस कनेक्शन, गैस रिफिलिंग की स्थिति, गैस आपूर्ति में आने वाली संभावित समस्याओं तथा एजेंसियों में उपलब्ध वर्तमान स्टॉक की समीक्षा की गई.

बैठक में पाइप्ड नेचुरल गैस के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने थिंक गैस एजेंसी से जिले में पीएनजी कनेक्शन की कम संख्या के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने कहा कि पीएनजी की कैलोरीफिक वैल्यू अधिक होने के बावजूद कनेक्शन कम होना चिंता का विषय है. इस दौरान एजेंसी संचालक द्वारा कनेक्शन शुल्क एवं पीएनजी के लाभों की स्पष्ट जानकारी नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की.



### स्टॉक को करना होगा सार्वजनिक

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने यहां उपलब्ध गैस सिलेंडर के स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा. इस व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम एवं एसडीओपी को दी गई है. उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त फ्लाइंग स्क्वाड गठित कर जिले के सभी पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया जाएगा. यदि कहीं गैस सिलेंडरों की होर्डिंग या कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी.

### गैस एजेंसी के बाहर लाइन लगे तो सूचना दें

पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने कहा कि गैस सिलेंडरों की होर्डिंग और कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नहीं होना चाहिए. उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी गैस एजेंसी के बाहर लोगों की अनावश्यक लंबी कतार लगती है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते व्यवस्था बनाई जा सके. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही के कारण जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए, इसे सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से सुनिश्चित करे.

# पिकअप वाहन की टक्कर से युवक का प्राणांत

## गुना बायपास की घटना, चालक फरार



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 12 मार्च, का. गुना बायपास के यहां बीती देर रात्रि को एक वाहन की टक्कर से ग्राम सांडाहेड़ी निवासी युवक का प्राणांत हो गया.**

देहात पुलिस के अनुसार रात्रि में हुए सड़क हादसे में ग्राम सांडाहेड़ी निवासी युवक की मौत हो गई. अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दी.

जानकारी के अनुसार ग्राम सांडाहेड़ी निवासी कान्हा यादव उम्र लगभग 40 वर्ष बुधवार रात ब्यावरा से अपने गांव सांडाहेड़ी की ओर पैदल जा रहा था तभी गुना बायपास पर तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोर की टक्कर मार दी. दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. स्थानीय लोगों ने देहात पुलिस को सूचना दी.

अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड दिया. सूचना मिलते ही देहात पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया.

गुरुवार को गांव में अंतिम संस्कार किया गया, युवक के निधन से गांव में गहरा शोक छा गया. देहात पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से वाहन की तलाश की जा रही है. जल्द ही आरोपी चालक को पकड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.



# फागोत्सव का आयोजन, श्याम बाबा के भजनों पर थिरके श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 12 मार्च, सं. नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्याम प्रेमियों के द्वारा बीती बुधवार की रात्रि को नगर के मधुसुदनगढ़ रोड पर स्थित सैलिब्रेशन गार्डन में खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या एवं फागोत्सव का आयोजन किया. भजन संध्या रात्रि 8 बजे शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही.**

इस दौरान खाटू श्याम बाबा के भजनों के लिए विख्यात प्रीति सरगम सिंह जबलपुर एवं विपिन नामदेव पचोर सहित अनेक कलाकारों ने बाबा के सुमधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी. मौर छड़ी थारा हाथा में, आज वृज में होली रे रसिया, हारे के सहारे आदि सुमधुर भजनों पर श्याम प्रेमी जमकर थिरके.

इस दौरान जबलपुर से आए कलाकारों ने राधा कृष्ण का स्वरूप बना श्याम बाबा सहित अन्य धार्मिक भजनों पर आकर्षक नृत्य किया एवं फागोत्सव मनाकर जमकर फूलों सहित गुलाल की होली खेली गई.

आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में नगर के श्याम प्रेमी एवं आसपास के क्षेत्र के श्याम प्रेमी महिला पुरुष मौजूद रहे. भजन संध्या के दौरान श्याम प्रेमियों में अच्छा खासा उत्साह देखा गया. इस दौरान श्याम बाबा का आकर्षक फूलो से श्रंगार किया गया. वही छप्पन भोग लगाए गए.

# भजनों के बीच हुई फूलों की होली

## फाग महोत्सव में उड़ा जमकर रंग गुलाल

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 12 मार्च, सं. रंगों के त्यौहार के बीच स्थानीय सेवा सदन परिसर में फाग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने किया. पूरे परिसर में भक्ति, संगीत और फूलो की होली के साथ काफी उत्साह देखने को मिला. फाग महोत्सव में नगर की विभिन्न भजन मंडलियों ने होली के पारंपरिक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी. राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि फागुन का यह पावन पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि प्रेम, स्नेह, समरसता और हमारी सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश देता है. ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और आत्मीयता को मजबूत करते है.

भजन मंडलियों ने भावपूर्ण भजनों पर नृत्य प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. फूलो की वर्षा करते हुए फूलो से होली खेली, जिससे पूरा परिसर गुलाब और गेंदे की खुशबू से महक उठा. फाग महोत्सव में सारंगपुर नगर की सभी भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया. मंडलियों ने अपने-अपने वाद्य यंत्रों के साथ पहुंचकर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण आनंदमय हो गया. इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती भावना वर्मा, श्रीमती रेखा टेटवाल, श्रीमती रजनी व्यास तथा प्राचार्य सुश्री बबीता मिश्रा सहित मातृशक्ति उपस्थित रही.



### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च

**राजगढ़ 12 मार्च, का.** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि एमपीटीएएससी पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च तक आमंत्रित किए गए हैं. साथ ही समस्त पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा में एमपीटीएएससी पोर्टल पर आवेदन दर्ज करना सुनिश्चित करें.

# जिला मुख्यालय पर होगी सूर्य उपासना

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 12 मार्च, का.** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 19 मार्च, 2026 को सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं. यह आयोजन सृष्टि आरंभ दिवस एवं वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर किया जाएगा.

जारी निर्देशानुसार 19 मार्च, 2026 को प्रातः 10 बजे सभी जिला मुख्यालयों में सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित होगा. कार्यक्रम के अंतर्गत नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन भी किया जाएगा. इसके लिए संस्कृति विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल द्वारा सभी जिला मुख्यालयों में नाट्य एवं कला दल भेजे जाएंगे. आयोजन स्थल पर प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था के साथ ही कलाकारों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था जिला स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी.

कार्यक्रम के दौरान भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा. निर्देशों में कहा गया है कि जिले के प्रमुख मंदिरों एवं स्थानों पर ब्रह्मध्वज स्थापित किए जाएंगे. इसके लिए संस्कृति विभाग अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा ब्रह्मध्वज उपलब्ध कराए जाएंगे. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्वरोज संस्थान संचालनालय, भोपाल द्वारा प्रत्येक जिला मुख्यालय को एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी.

कार्यक्रम के आयोजन प्रचार - प्रसार एवं जिला स्तरीय नोडल अधिकारी की जानकारी मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए है.

# पीले चावल देकर भागवत कथा का दे रहे न्यौता



**सुठालिया 12 मार्च, सं.** नगर में आगामी 16 मार्च सोमवार से 22 मार्च रविवार तक स्थानीय पीलाखाल मैदान पर प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा. कथा का वाचन प्रेमनारायण गेहूंखेड़ी वालों के द्वारा किया जाएगा. आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं.

गुरुवार को आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को भागवत कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया गया. इस दौरान बस स्टैंड, गांधी चौक, सदर बाजार, लोधी मोहल्ला, परलापुरा सहित कई स्थानों पर जनसंपर्क किया गया और लोगों से परिवार सहित कथा में शामिल होने की अपील की. इसी प्रकार महिलाओं की टोलियां भी नगर में सक्रिय होकर घर-घर पहुंच रही हैं और महिलाओं से संपर्क कर उन्हें कथा में आने का निमंत्रण दे रही हैं. महिलाओं में भी कथा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है.

# मां सरस्वती एकेडमी में वार्षिक उत्सव आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 12 मार्च, सं.** मां सरस्वती एकेडमी में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ.

समारोह में भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला अध्यक्ष हिन्दू सिंह दांगी, खिलचीपुर ब्लाक अध्यक्ष मुकेश दांगी, कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, विष्णु सुमन, बी.ई.ओ. राम बाबू पाटीदार, बी.आर.सी. गजेन्द्र शर्मा अतिथि के रूप में एवं विजय कुमार गुप्ता, दिलीप टेलर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. स्कूली बच्चों द्वारा मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई. छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीतों, मालवी, राजस्थानी झलकियों के साथ नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी. कुछ बच्चों द्वारा योग एवं शारीरिक व्यायाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.

विगत शैक्षणिक सत्र के दौरान कक्षा 10 वीं के छात्र योगेश बैरागी द्वारा जिले की प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्था प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन एवं प्रबंधक अतुल कुमार गौड़ व अध्यापिका सरिता बैरागी द्वारा पुरस्कृत किया गया.

परीक्षा परिणाम, चित्रकला, रांगौली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, साज-सज्जा, सहित विभिन्न खेलकूद की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन, प्रबंधक अतुल कुमार गौड़, महेश कुमार दशोत्तर, सहित स्कूल का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे.



# सर्वर डाउन होने से बंद हुई पीओएस मशीन

## कृषि मंडी में लगभग एक घंटे प्रभावित हुई नीलामी

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 12 मार्च, का.**

गुरुवार की दोपहर को एकाएक सर्वर डाउन होने के कारण पीओएस मशीन बंद होने से स्थानीय कृषि मंडी में कुछ समय के लिए नीलामी कार्य रुक गया.

जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे अचानक सर्वर डाउन होने के कारण मंडी में नीलामी कार्य आदि में उपयोग की जाने वाली पीओएस मशीन बंद हो गई, मशीन बंद होते ही नीलामी कार्य रुक गया. लगभग 1 घंटे तक नीलामी कार्य बंद रहा. मंडी प्रबंधन के अनुसार सर्वर सुचारु होते ही लंच समय के पूर्व ही नीलामी कार्य शुरु कर दिया गया ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके बाद पूरे समय नीलामी कार्य सुचारु रुप से हुआ.

**अधिकांश मंडी में था गुरुवार अवकाश** जानकारी के अनुसार 12 मार्च गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने के चलते जिले की कुरावर, नरसिंहगढ़ सहित अन्य कृषि मंडी में अवकाश रहा. ब्यावरा स्थित कृषि मंडी में ही नीलामी कार्य हुआ. यदि अन्य जगह भी मंडी में नीलामी कार्य होता तो परेशानी अधिक बढ़ सकती थी.

**निर्देश** ▶ पीएम राहत योजना की समीक्षा, कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए सख्त निर्देश

# सभी अस्पतालों को योजना से जोड़ा जाये कलेक्टर

**बेहतर प्रदर्शन पर जीरापुर और जिला अस्पताल की टीम को बधाई**

**दुर्घटनाओं की दैनिक मॉनिटरिंग करें**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 12 मार्च, का. प्रधानमंत्री राहत योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी की उपस्थिति में गुरुवार को आयोजित की गई. बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.**

बैठक में योजना के क्रियान्वयन और दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की दैनिक आधार पर समीक्षा और विश्लेषण किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर उपचार मिल सके. उन्होंने यह भी कहा कि जो अस्पताल अभी तक योजना में नामांकित नहीं हैं, उन्हें शीघ्र योजना से जोड़ा जाए. इस कार्य को सुनिश्चित करने के लिए सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को जिम्मेदारी दी गई. बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि आयुष्मान मित्रों के नाम प्रत्येक थाने में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाएं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में पीड़ितों को तुरंत सहायता मिल सके. साथ ही बताया कि सभी बीएमओ को पोर्टल से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो सके. बैठक के दौरान जीरापुर और जिला अस्पताल के कुछ बीएमओ को प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई भी दी गई. उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सभी स्वास्थ्य संस्थान योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंदों को समय पर लाभ मिल सके.

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नीलम देवी, पति सुनील कुमार मित्तल, वार्ड न. 15. शुजालपुर मार्ग, गाँधी चौक पचोर, जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश, 46568. मेरी शैक्षणिक मार्कशीट एवं पूर्व के कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम नीलम अग्रवाल अंकित है, जबकि विवाह के पश्चात मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य समस्त शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम नीलम देवी दर्ज है.
अतः भविष्य में मेरे दोनों नाम नीलम अग्रवाल एवं नीलम देवी एक ही व्यक्ति के नाम माने जाएं. आगे से मैं नीलम देवी नाम से ही जानी जाऊंगी.
अतः सभी दस्तावेजों में एकरूपता के लिए मेरा नाम नीलम देवी माना जाए.

### कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति खिलचीपुर जिला राजगढ़ म.प्र.

mpapmckhilchipur@gmail.com

क्रमांक/मंडी/भोजन/प्रांग/भोजन25-26/759 खिलचीपुर दिनांक 12/03/2026

**निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मंडी समिति के नवीन प्रांगण में कृषकों की भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु मोहरबंद लिफाफे में निविदाएं दिनांक 13/03/2026 से आमंत्रित की जाती है. भोजन मीनू 6 पूड़ी सब्जी अथवा 6 रोटी दाल तथा सब्जी है निविदाएं दिनांक 02/04/2026 कार्यालयीन समय में प्राप्त की जावेगी. अन्य शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती है. उक्त निविदाएं दिनांक 04/04/2026 को समय 5:00 बजे खोली जावेगी.

अंकिता जैन/भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
खिलचीपुर जिला राजगढ़ म.प्र.

गोर्धनलाल दांगी/सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
खिलचीपुर जिला राजगढ़ म.प्र.